


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, बृहस्पतिवार, 25 जून-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 252 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# वेनेजुएला में कुदरत का कहर

## भूकंप से शहर मलबे में तब्दील, दस हजार से ज्यादा लोगों के मारे जाने की आशंका



● ताश के पत्तों की तरह ढह गयी इमारतें

● हजारों दबे लोगों के निकालने के लिए इमरजेंसी रिस्पॉस टीमों की तैनाती

● मरने वालों की संख्या एक लाख तक पहुंचने की संभावना

**काराकास।** वेनेजुएला में बुधवार शाम, यानी भारतीय समयानुसार गुरुवार सुबह दो शक्तिशाली भूकंप आए। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे (USGS) के मुताबिक, इसमें 10,000 से ज्यादा लोगों की मौत की 44 प्रतिशत और 1,00,000 से ज्यादा मौत की 30 प्रतिशत आशंका है। एक मिनट के अंतराल में आए 7.1 और 7.5 तीव्रता के भूकंप ने भीषण तबाही मचाई है। कई इमारतों और मकानों के ढहने की खबर है। जिसमें 10 हजार से एक लाख तक लोगों के मारे जाने की आशंका जताई जा रही है। राहत और बचाव का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। यू.एस. जियोलॉजिकल सर्वे (USGS) के अनुसार, काराकस से लगभग 160 किलोमीटर (100 मील) पश्चिम में 7.2 तीव्रता का भूकंप आया और एक मिनट से भी कम समय बाद 7.5 तीव्रता का दूसरा झटका महसूस किया गया। शुरुआती अनुमान के मुताबिक, मरने वालों की संख्या 10,000 से 1,00,000 के बीच हो सकती है। वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने बुधवार को देश में आए विनाशकारी भूकंप के बाद इमरजेंसी का एलान किया है। उन्होंने देश को संबोधित करते हुए कहा कि जिन लोगों ने दुर्भाग्य से अपने परिवार के किसी सदस्य को खो दिया है, उनके प्रति हम अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। हालांकि, उन्होंने मरने वालों या घायलों की कुल संख्या नहीं बताई। भूकंप के बाद गिरी हुई इमारतों और क्षतिग्रस्त ढांचों के नीचे फंसे लोगों को खोजकर निकालने के लिए इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीमें तैनात की गई हैं। स्थानीय अधिकारियों और चश्मदीदों ने बताया कि इमारतें गिर गई हैं, बचाव कार्य चल रहा है और घायलों की संख्या बढ़ रही है। गृह मंत्री डियोसडाडो कैबेलो ने सरकारी टीवी पर कहा, 'कई इमारतें और घर ढह गए हैं और हम सुरक्षा और नागरिक सहायता के लिए उपलब्ध हर चीज़ का इस्तेमाल करके स्थिति को संभाल रहे हैं।' कराकस समेत कई शहरों में इमारतें क्षतिग्रस्त हुई हैं। कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर दिया। हालांकि अभी तक सरकार ने मौत के आधिकारिक आंकड़े जारी नहीं किए हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार कराकस एयरपोर्ट की छत का कुछ हिस्सा भी गिर गया। यह पिछले 126 साल का सबसे बड़ा भूकंप है, इससे पहले 1900 में 7.7 का तीव्रता का भूकंप आया था।

### भारत हर संभव मदद देने के लिए तैयार

वेनेजुएला में आए विनाशकारी भूकंप पर दुख जताते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'वेनेजुएला में आए जबरदस्त भूकंप से हुई तबाही से बहुत दुख हुआ है। भारत के लोगों की ओर से मैं वेनेजुएला की सरकार और वहां के लोगों के प्रति, और खासकर उन परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। हम घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना करते हैं और इस मुश्किल समय में प्रभावित सभी लोगों के साथ एकजुटता से खड़े हैं। भारत हर संभव मदद देने के लिए तैयार है।'

### मदद के लिए अमेरिका ने भी बढ़ाए हाथ

भूकंप के बाद मदद से लिए अमेरिका आगे आया है। अमेरिकी डिप्टी सेक्रेटरी ऑफ स्टेट क्रिस्टोफर लैंडौ ने कहा, 'हम वेनेजुएला के अधिकारियों के संपर्क में हैं और मदद जुटा रहे हैं। काराकस में अमेरिकी दूतावास ने कहा कि देश के नागरिकों से सुरक्षित आश्रय लेने और क्षतिग्रस्त इलाकों से दूर रहने की अपील की है। जिस दिन वेनेजुएला में भूकंप आया, उस दिन सार्वजनकि छुट्टी थी और लोग अपने घरों में थे। इसी दिन 1821 में स्पेन से वेनेजुएला को आजादी मिली, जिसके कारण इस दिन सार्वजनिक छुट्टी रहती है।

### तेल इंफ्रास्ट्रक्चर पर कोई असर नहीं

वेनेजुएला के तेल इंफ्रास्ट्रक्चर पर भूकंप के झटकों का तुरंत कोई असर नहीं दिखा, क्योंकि जिन शहरों में भारी नुकसान की आधिकारिक रिपोर्ट है, उनमें से लगभग किसी में भी महत्वपूर्ण तेल इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है।

### प्रयागराज में तेज बारिश, 26 जिलों में अलर्ट, पारा 44 पार

**लखनऊ।** यूपी में मौसम के उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी है। गुरुवार तड़के प्रयागराज में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। मेरठ में हल्की बूंदाबांदी हुई। सुबह से प्रदेश के ज्यादातर शहरों में धूप निकली हुई है। हवा की स्पीड धीमी होने से गर्मी और उमस भी बढ़ गई है। मौसम विभाग ने आज 26 जिलों में बारिश और 8 जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 60 किमी की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है।

### 15 फीट गहरे चैंबर में उतरे दो मजदूरों की जहरीली गैस से मौत

**बहजाई।** संभल के बहजोई क्षेत्र स्थित राइस मिल में बृहस्पतिवार को बड़ा हादसा हो गया। मक्का सुखाने वाले एलीवेटर के करीब 15 फीट गहरे चैंबर में उतरे दो मजदूरों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद मिल परिसर में अफरा-तफरी मच गई।

## यूपी में भाजपा की नई टीम का ऐलान



● युवा चेहरों और अनुभवी नेताओं को मिला मौका

**लखनऊ।** लंबे समय से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, संगठन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ गहन मंथन के बाद पंकज चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई की घोषणा की। नई लिस्ट में 19 उपाध्यक्ष और आठ महामंत्री हैं। लंबी प्रतीक्षा, भारी फेरबदल और कांट छांट के बाद भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की हरी झंडी मिलने के बाद पंकज चौधरी ने उत्तर प्रदेश भाजपा पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी। इसमें पूर्व मंत्री सुरेश सिंह राणा समेत 19 नेताओं को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया। रामप्रताप सिंह चौहान, गीता शाक्य और अभिजीत मिश्रा को महामंत्री की जिम्मेदारी मिली। संजय राय, शंकर लोधी, दिलीप पटेल और राजेश चौधरी भी महामंत्री बनाए गए। पश्चिम क्षेत्र की कमान नबाब सिंह नागर और अवध क्षेत्र की जिम्मेदारी अवधेश द्विवेदी को मिली। दिनेश प्रताप सिंह को मुख्य प्रवक्ता, मनीष दीक्षित को मीडिया संयोजक बनाया गया। युवा मोर्चा की कमान रोहित मिश्रा और महिला मोर्चा की जिम्मेदारी सरोज कुशवाह को सौंपी गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बेटे नीरज सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया।




## साइबर क्राइम नेटवर्क का भंडाफोड़

### डिजिटल अरेस्ट की धमकी देने वालों के पीछे पड़ी सीबीआई



● दिल्ली, पंजाब, बंगाल तक 16 राज्यों में एक साथ छापेमारी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर लोगों को ठगने वाले एक बड़े साइबर क्राइम नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में सीबीआई ने 16 राज्यों में 80 से अधिक स्थानों पर सघन तलाशी अभियान चलाया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि इस संगठित नेटवर्क ने 200 से अधिक मामलों में लोगों को धोखा देने के लिए भारत के सुप्रीम कोर्ट की एक फर्जी वेबसाइट का सहारा लिया था। यह पूरी कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री से प्राप्त एक शिकायत के आधार पर शुरू की गई, जिसके बाद सीबीआई ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विस्तृत जांच शुरू की। जांच एजेंसी ने एक ऐसी फर्जी वेबसाइट का खुलासा किया, जिसका वेब एड्रेस बिल्कुल सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट जैसा था। जालसाज इसी डोमेन का उपयोग करके कानूनी अधिकार होने का झूठा दिखावा करते थे और पीड़ितों को डिजिटल अरेस्ट की धमकियां देकर डराते थे। अपनी धोखाधड़ी को असली दिखाने के लिए आरोपी फर्जी अदालती आदेश और जांच एजेंसियों के जाली दस्तावेज भी अपलोड करते थे।

## प्रदर्शनकारियों को घुटने पर लाने के लिए पोक में रोका गया खाना-पानी

● ईंधन और जीवन रक्षक दवाओं की सप्लाई भी बंद

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के अवैध कब्ज़े वाले कश्मीर (PoK) में स्थानीय सरकार और इस्लामाबाद के खिलाफ चल रहा जनांदोलन अब एक गंभीर मानवीय संकट में बदल गया है। प्रदर्शनकारियों और आम जनता को घुटनों पर लाने के लिए पाकिस्तानी प्रशासन द्वारा इलाके की आर्थिक और भौतिक नाकेबंदी किए जाने की खबरें सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों, ट्रक ड्राइवरों और विपक्षी नेताओं के अनुसार, इस्लामाबाद जानबूझकर इस अशांत क्षेत्र में खाने-पीने की चीज़ों, ईंधन और जीवन रक्षक दवाओं की सप्लाई रोक रहा है। हालांकि पाकिस्तानी अधिकारी किसी भी तरह की नाकेबंदी से इनकार कर रहे हैं, लेकिन बीबीसी उर्दू, डॉन और एएफपी (AFP) जैसी अंतर्राष्ट्रीय मीडिया एजेंसियों की रिपोर्टों से साफ है कि 'जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी' (JAAC) के नेतृत्व में चल रहे शटडाउन और पाकिस्तानी पाबंदियों के कारण क्षेत्र में हाहाकार मचा हुआ है। यह अशांति इलाके की विधानसभा की 12 सीटों को लेकर हुए विवाद से शुरू हुई है, जो भारत के कब्ज़े वाले कश्मीर से आए शरणार्थियों के लिए आरक्षित हैं।

जनमुख City लाइव हिन्दी दैनिक
● तापमान अधिकतम : 44.0°C
● तापमान न्यूनतम : 27.0°C
● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30
वाराणसी, 25 जून, बृहस्पतिवार, 2026 (2)







# विदेश के लिए अब सीधी उड़ान

## लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे पर केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने किया शुभारम्भ




● वाराणसी से दिल्ली के माध्यम से विश्व के विभिन्न अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों को जोड़ने वाली अपनी पहली उड़ान

**वाराणसी।** लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट पर बृहस्पतिवार को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने 'हब एंड स्पोक' विमान सेवा का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने चार यात्रियों को बोर्डिंग पास दिया। उत्तर प्रदेश के मंत्री हंसराज विश्वकर्मा, नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सचिव समीर कुमार और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष विपिन कुमार की उपस्थिति में एक विशेष कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविएशन के अपर सचिव पुनीत कंसल और मंडलायुक्त वाराणसी एस. राजलिंगम भी इस अवसर पर मौजूद रहे। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने कहा कि यहां की हवा, पानी, धरती और मिट्टी के हर कण में शंकर की शक्ति नजर आती है। यह हम सबके लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। आज का यह विशेष कार्यक्रम वाराणसी से शुरू होकर भारत में इतिहास रचने वाला है। इसके लिए सभी को आनंद और गौरव की अनुभूति हो रही है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद और उनके नेतृत्व में शुरू हो रहा है। भारत इस कार्यक्रम का लंबे समय से इंतजार कर रहा था। बाबतपुर देश को वैश्विक विमानन केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एयर इंडिया ने गुरुवार को वाराणसी से दिल्ली के माध्यम से विश्व के विभिन्न अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों को जोड़ने वाली अपनी पहली हब एंड स्पोक उड़ान सेवा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजारपू वाराणसी एयरपोर्ट पर मौजूद रहे और कार्यक्रम में शामिल होकर नई सेवा की शुरुआत की उन्होंने भारतीय विमानन क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। एयर इंडिया ने वाराणसी से दिल्ली के माध्यम से विश्व के विभिन्न अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों को जोड़ने वाली अपनी पहली हब एंड स्पोक उड़ान सेवा का शुभारंभ किया। एयर इंडिया ने इस पहल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विजन से जोड़ा है, जिसके तहत भारत को वैश्विक विमानन हब और अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात का प्रमुख केंद्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है।




# पुत्रवधू की हत्या में ससुर पति और देवर गिरफ्तार

● दहेज के लिए किया जाता था प्रताड़ित



**वाराणसी।** सारनाथ थाना क्षेत्र की मां शारदा नगर कॉलोनी में विवाहिता वंदना साहू की हत्या के मामले में पुलिस ने उसके ससुर, पति और देवर को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई गुरुवार को की गई। मृतका के पिता दिलीप साहू की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि वंदना को उसके ससुराल वाले लगातार पैसों की मांग को लेकर प्रताड़ित कर रहे थे। दिलीप साहू ने 23 जून को सारनाथ थाने में तहरीर देकर कहा था कि उनकी पुत्री को उसके ससुराल वाले मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि उसे कमरे में बंद कर मारपीट की जाती थी और मानसिक रूप से परेशान किया जाता था। इसी दौरान उसे जहर खिलाने का आरोप भी लगाया गया।

# निर्जला एकादशी पर निकली कलश यात्रा

● 1008 कलशों से बाबा का जलाभिषेक

● नरमुंडों की माला पहने कलाकारों ने की भागीदारी




**वाराणसी।** निर्जला एकादशी भगवान विष्णु को समर्पित एक ऐसा व्रत है, जिसे धर्म शास्त्रों में सबसे अधिक पुण्यदायी माना गया है। इसे पांडव एकादशी और भीमसेनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। निर्जला एकादशी ज्योतिषीय नजरिए से भी बेहद खास मानी जा रही है, क्योंकि इस पावन दिन कर्क राशि में बुध और शुक्र की युति से लक्ष्मी नारायण राजयोग का निर्माण हो रहा है। वाराणसी में निर्जला एकादशी के अवसर पर बाबा विश्वनाथ का 1008 कलशों से जलाभिषेक किया गया। गुरुवार को सुबह 7 बजे काशीपुराधिपति बाबा विश्वनाथ के भक्त उनके धाम के लिए राजेंद्र प्रसाद घाट से गंगाजल लेकर 'हर-हर महादेव' का उद्घोष करते हुए निकले। धाम पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक और रुद्राभिषेक किया। यात्रा में झेलम, चिनाव, रावी, गोदावरी, व्यास के अलावा काशी, हरिद्वार और ऋषिकेश के गंगाजल से पूरित 11 रजत कलश लेकर भक्तगण सबसे आगे चलते दिखे। श्री काशी मोक्षदायिनी सेवा समिति द्वारा यह परंपरा वर्ष 1998 में शुरू की गई थी। यह कलश यात्रा कुल 2 किलोमीटर लंबी रही, जिसमें भगवान शिव और माता पार्वती के स्वरूप में कलाकार भी शामिल हुए। उन्होंने पूरे रास्ते भक्ति गीतों के बीच जमकर नृत्य किया। काशी के विभिन्न इलाकों से महिलाएं पीली साड़ी पहनकर इस यात्रा में शामिल होने पहुंचीं। मिट्टी के कलशों में गंगाजल भरा गया और फिर बाबा विश्वनाथ को अर्पित करने के लिए निर्जला व्रत रखकर महिलाएं इस यात्रा में शामिल हुईं। सनातन धर्म में निर्जला एकादशी का विशेष महत्व है। इस दिन सनातनी पूरे दिन बिना जल ग्रहण किए कठिन व्रत रखते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, यदि इस दिन बाबा को पवित्र नदियों का जल अर्पित किया जाए, तो वे अत्यंत शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं और भक्तों को भीषण गर्मी से राहत प्रदान करते हैं।

## अब कैंट स्टेशन पर भी रुकेगी महानगरी

**वाराणसी।** बनारस रेलवे स्टेशन से मुंबई तक चलने वाली महानगरी एक्सप्रेस के कैंट रेलवे स्टेशन पर पांच मिनट के ठहराव की मंजूरी रेलवे बोर्ड ने दे दी है। हालांकि, अब तक इसका समय निर्धारित नहीं हुआ है। मुंबई तक चलने वाली ट्रेन नंबर 22177/22178 महानगरी एक्सप्रेस पहले कैंट स्टेशन से चलती थी। इसी साल 22 मार्च से इस ट्रेन को बनारस रेलवे स्टेशन से चलाया जा रहा है। अभी ट्रेन रोजाना सुबह 9.35 बजे बनारस स्टेशन से चलती है। इसके बाद ट्रेन 9.50 बजे कैंट स्टेशन पर बिना रुके आगे बढ़ जाती है। इसका अगला स्टॉपेज काशी स्टेशन पर सुबह 10.03 बजे है। पिछले दिनों निरीक्षण पर आए उत्तर रेलवे के डीआरएम एसके वर्मा ने जल्द ही ट्रेन के कैंट स्टेशन पर रुकने की बात कही थी। इसके बाद बोर्ड ने मंजूरी दी।

### लापरवाही पर कार्रवाई

## 4 सब-इंस्पेक्टर लाइन हाजिर, 2 दरोगा सस्पेंड

**वाराणसी।** वाराणसी में साइबर अपराध की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही में पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने सख्त कार्रवाई की है। मोहित अग्रवाल ने बुधवार की रात साइबर अपराध सेल और थाने के हेल्प डेस्क प्रभारियों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही मिलने पर सिंधोरा और लोहता थाने के विवेचकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय जांच की संस्तुति की है। इसके अलावा चार सब इंस्पेक्टरों को लाइन हाजिर किया है। बता दें की 6 महीने में वाराणसी की साइबर क्राइम पुलिस ने 6 करोड़ रुपये की धनराशि अभी तक साइबर फ्राड ढकी होल्ड या फ्रीज कराई गई है। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने साइबर अपराध की विवेचनाओं की समीक्षा की। सिंधोरा थाने के विवेचक रोहित कुमार और लोहता थाने के विवेचक ऋतुराज मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

## 44 हजार से अधिक भवन स्वामियों ने जमा किया संपत्ति कर

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर निगम आनलाइन गृहकर, जलकर व सीवर कर जमा करने के लिए वाट्स-एप चैटबॉट और क्यूआर कोड सेवा शुरू की है। नई डिजिटल व्यवस्था और पारदर्शी प्रक्रिया के चलते वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक कुल 44,382 भवन स्वामियों ने 27.64 करोड़ रुपये से अधिक संपत्ति कर जमा कर चुके हैं । खास बात यह है कि वाराणसी इस अत्याधुनिक एआई आधारित वाट्स-एप चैटबॉट सुविधा को लागू करने वाला सूबे का पहला नगर निगम बना है, जिसने टैक्स जमा करने की पूरी प्रक्रिया को बेहद सुगम और हाईटेक बना दिया है।

# पद केवल सम्मान नहीं, जिम्मेदारी भी

● व्यापारी गौरव महोत्सव में निर्वाचित पदाधिकारियों ने किया शपथ ग्रहण




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वाराणसी किराना व्यापार समिति (पंजीकृत) द्वारा 'व्यापारी गौरव महोत्सव एवं नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का दायित्व ग्रहण, शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह' विशेश्वरगंज स्थित एक होटल में भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' तथा भाजपा महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समिति के अध्यक्ष अनूप जायसवाल ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को संगठन, व्यापारी हितों एवं सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति समर्पित रहकर कार्य करने की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद सभी पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा, 'वाराणसी किराना व्यापार समिति के इस कार्यक्रम में जो ऊर्जा और उत्साह दिखा, वह अद्भुत है। राज्य मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र ने कहा, 'पद केवल सम्मान नहीं, जिम्मेदारी है। आप व्यापारी समाज की रीढ़ हैं। सरकार की योजनाओं को अंतिम दुकानदार तक पहुचाना आपका दायित्व है। कार्यक्रम का संचालन सचिन अग्रवाल ने किया।

## गंज शहीदा मस्जिद की यथास्थिति बरकरार

**वाराणसी।** गंज शहीदा मस्जिद को लेकर फिलहाल यथास्थिति बरकरार रहेगी। अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने रेलवे अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। मस्जिद के भविष्य को लेकर अब कोर्ट और जिला प्रशासन के निर्णय का इंतजार किया जा रहा है।

जनमुख
परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल
ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय
मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324 9336929544
Email : janmukh.vns@gmail.com

पूर्वोत्तर रेलवे

ई- निविदा संख्याः उप.मु०ई०नि०1 जीकेपी-ई.पी.सी.-1-2026 खुलने की तिथि: 24.07.2026 (संशोधित तिथि).

शुद्धिपत्र संख्या 4

**कार्य का नाम:-** "इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एवं निर्माण (ईपीसी) निविदा के माध्यम से पूर्वोत्तर रेलवे के आनंदनगर-घुघली नई सिंगल बीजी रेलवे लाइन परियोजना के अंतर्गत महाराजगंज (रहित) से आनंदनगर (रहित) सेक्शन (लंबाई: 25.800 किमी) में नई सिंगल ब्रॉड गेज लाइन के सिविल इंजीनियरिंग कार्यों, विद्युतीकरण कार्यों और सिग्नलिंग कार्यों को कराया जाना" के सम्बन्ध में आमंत्रित उपरोक्त निविदा हेतु शुद्धि पत्र संख्या 4 जारी कर दिया गया है। इससे समबन्धित विवरण के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।, **क्रमांक-01:** मद का नाम: बयाना राशि: पूर्व में दिया गया मानक: (रू): 5,89,74,400.00/-, संशोधित मानक: (रू): 6,08,65,900.00:-, **क्रमांक-02,** मद का नाम: अनुमानित निविदा मूल्य: पूर्व में दिया गया मानक: (रू): 294,87,19,262.20/-, संशोधित मानक: (रू): 304,32,95,445.00/- **क्रमांक-03,** मद का नाम: बिड प्रारम्भ करने की तिथि: पूर्व में दिया गया मानक: 13-08-2026, संशोधित मानक: 10-07-2026. **क्रमांक-04,** मद का नाम: निविदा खुलने की तिथि: पूर्व में दिया गया मानक: 27-08-2026, 11:00 संशोधित मानक: 24-07-2026 11:00, अन्य शर्ते पूर्वत: की भाँति लागू रहेगी। उपमुख्य इंजीनियर/निर्माण-1
मुजाधि/डब्लू-195 गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# बदल जाएगी आकाश गंगा कॉलोनी की तस्वीर



● चमाचम होंगी सड़कें 7.55 लाख की लागत से होगी इंटरलॉकिंग

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत वार्ड नंबर 57 छित्तूपुरा वार्ड में कर्मदानी देवी आकाश गंगा कालोनी में मुरारी चौक सामनेघाट के मकान से लेकर ब्रिज किशोर पाण्डेय के मकान तक 62 मीटर लंबी इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कार्य कराया जाएगा। 7.55 लाख रुपये की लागत से सड़क के इंटरलॉकिंग के कार्य का शिलान्यास बुधवार को महापौर अशोक कुमार तिवारी ने किया। इस दौरान महापौरने कहा कि त्वरित आर्थिक विकास योजना का मुख्य उद्देश्य शहरी और उप-शहरी क्षेत्रों के नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना है ताकि उनके जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार हो सके। महापौर ने कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग प्रखण्ड को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता के मानकों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए। कार्य को समय सीमा के भीतर पूरा कर स्थानीय जनता को समर्पित किया जाए।

## एससी/एसटी आयोग के सदस्य ने अधिकारियों के साथ की बैठक



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** रमेश चन्द्र कुण्डे, सदस्य, उ0प्र0 अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग, 10वां तल, इन्दिरा भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ द्वारा सर्किट हाउस, वाराणसी सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी, जिसमें पुलिस विभाग, नगर आयुक्त, नगर निगम, अपर जिलाधिकारी, चिकित्सा विभाग, जिला समाज कल्याण अधिकारी, वाराणसी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, शिक्षा विभाग, जिला पंचायती राज विभाग, जिला सूक्ष्म एवं उद्योग विभाग एवं अधिशासी अभियन्ता उपस्थित रहे। सदस्य महोदय द्वारा सभी विभागों के अधिकारियों के विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी ली गयी समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया गया कि जनपद में अधिक से अधिक कैम्प के माध्यम से योजनाओं का प्रचार-प्रसार कराया जाय तथा अधिक से अधिक लाभार्थियों को योजना से लाभान्वित कराया जाय।

## बलिया समाचार

### एक जुलाई से शुरू होगा पठन-पाठन, विद्यालयों की सफाई कर लें पूरी : डीआईओएस



**बलिया।** बलिया के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में स्कूल चलो अभियान के दूसरे चरण के तहत 91 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य नामांकन बढ़ाना और ड्रॉप-आउट छात्रों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना था। जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार मिश्र ने निर्देश दिया कि 1 जुलाई से पठन-पाठन शुरू होने से पहले सभी विद्यालयों में साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल और छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था अनिवार्य रूप से पूरी कर ली जाए। साथ ही, पीएम पोषण योजना के तहत चयनित 21 विद्यालयों में योजना का शत-प्रतिशत संचालन सुनिश्चित करने के लिए बर्तन, ईंधन और अस्थाई किचन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। जिन स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक की कक्षाएं चलती हैं, उन्हें बीआरसी से पुस्तकें प्राप्त कर छात्रों में निःशुल्क वितरित करने को कहा गया है। शिक्षकों और कर्मचारियों की उपस्थिति की निगरानी तथा वेतन वितरण को समयबद्ध बनाने के लिए प्रधानाचार्यों को हर महीने की 25 तारीख तक वेतन रजिस्टर लेखा पटल सहायक को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में प्रधानाचार्यों द्वारा रखी गई समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। अतुल तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## प्रयागराज समाचार

### प्रयागराज में 86 गेस्ट हाउस-होटल बंद होंगे

**प्रयागराज।** जिला प्रशासन ने अग्नि सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाए हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर, अपर जिलाधिकारी (नगर) सत्यम मिश्र ने शहर के 86 गेस्ट हाउस, बैंक्वेट हॉल, होटल और लॉज के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया है। जिसमें सुरक्षा मानकों की कमी के कारण कई लोगों की जान गई थी। ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रयागराज प्रशासन ने अब शहर के व्यावसायिक परिसरों की गहन जांच शुरू की है। एडीएम सिटी ने स्पष्ट किया कि लखनऊ जैसे हादसों से सबक लेते हुए सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। जांच के दौरान पाया गया कि इन 86 प्रतिष्ठानों के मालिकों और प्रबंधकों ने अपने व्यावसायिक परिसरों के लिए अनिवार्य अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र (Fire Safety Certificate) प्राप्त नहीं किया था।

## जौनपुर समाचार

### जांच के लिए भेजा गया बच्चे का बिसरा,सुबह घर से हुआ था लापता, शाम को मिला था शव



**जौनपुर।** मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के पिपरा गांव में आरुष यादव (14) की मौत हो गई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद बिसरा को जांच के लिए भेज दिया है। साथ ही पुलिस अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई में लगी हुई है।

मृतक के शरीर पर कई स्थानों पर चोट के निशान पाए गए हैं। पिपरा गांव निवासी सुरेश यादव का इकलौता पुत्र आरुष यादव अपने ननिहाल नरायनपुर गांव में रहकर पढ़ाई करता था। गर्मी की छुट्टियां बिताने के लिए करीब एक माह पहले अपने पैतृक गांव पिपरा आया था। शुक्रवार की सुबह लगभग 10 बजे से लापता हो गया था। शाम करीब चार बजे गांव से लगभग 500 मीटर दूर बंधे के पास जंगल में किशोर का शव मिला।

पुलिस को मृतक की जेब से एक माचिस, शव के पास से बीड़ी का एक बंडल बरामद हुआ था। शरीर पर मिले चोट के निशानों को देखते हुए पिता सुरेश हत्या की बात कह रहे हैं। उनका आरोप है कि पुलिस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। उधर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अभी तक ऐसी कोई बात सामने नहीं आई है।

हालांकि पुलिस ने जांच के लिए बिसरा सुरक्षित करते हुए भेज दिया है। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि मामले में पुलिस की जांच जारी है। पोस्टमार्टम के बाद बिसरा सुरक्षित करते हुए जांच के लिए भेजा गया है।

## गोरखपुर समाचार

### नाबालिग लड़की को भगाने वाला मौलाना गिरफ्तार

**गोरखपुर।** 15 साल की लड़की को भगाने वाले मौलाना को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। वह मदरसे में पढ़ने वाली एक नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर भगा ले गया था।

साथ ही लड़की को भी सुरक्षित बरामद कर नारी निकेतन भेज दिया। आरोपी पर दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया। यह मामला गुलरिहा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक पीड़ित लड़की 17 जून को दोपहर के वक्त अचानक अपने घर से गायब हो गई थी। परिवार वालों ने उसे हर जगह ढूंढा, लेकिन जब सुराग नहीं मिला तो मां ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। मां ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी अफरोज नाम के एक शख्स से फोन पर बात करती थी। जांच में पता चला कि आरोपी का असली नाम सरफराज है और वह बांसगांव के धनौरा विशुनपुर पचीसी का रहने वाला है।

## आजमगढ़ समाचार

### आठवीं मुहर्रम पर निकले मातमी जुलूस



**सरायमीर।** आठवीं मुहर्रम पर सरायमीर सहित निकामुद्दीनपुर, रसूलपुर ओहदपुर, फतेहपुर, खपड़ागांव में अकीदत, श्रद्धा और गमगीन माहौल के बीच मातमी जुलूस व शब्बेदारी का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) और शहीदाने कर्बला को खिराज-ए-अकीदत पेश किया। जुलूस निर्धारित मार्गों से होता हुआ देर रात इमामबाड़े पर पहुंचकर समाप्त हुआ। निकामुद्दीनपुर में जुलूस की शुरुआत इमाम चौक से मजलिस के आयोजन से हुई, जिसमें अकबरपुर से आए मौलाना सैयद आसिफ रजा ने हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की कुर्बानी और उनके मिशन को बयान किया। इसके बाद अंजुमनों द्वारा नौहाख्वानी और मातम किया गया। या हुसैन और या अब्बास की सदाओं से वातावरण गूंज उठा। जुलूस में अंजुमन जाफरिया रजिस्टर्ड मुस्तफाबाद जलालपुर, अंजुमन सज्जादिया नगपुर जलालपुर, अंजुमन फैजाने अबू तुराब मुबारकपुर ने नौहा मातम किया। इसी क्रम में ग्राम रसूलपुर बर्वा में अंजुमन जाफरिया के तत्वावधान में आठवीं मुहर्रम का जुलूस निकला। पहली मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना सैयद तहजीबुल हसन लखनऊ ने कहा कि मुहर्रम का महीना त्याग, सब्र, इंसाफ और मानवता की रक्षा का संदेश देता है। जुलूस में अंजुमन मासूमिया जलालपुर, अंजुमन हुसैनिया उस्मानपुर और अंजुमन जाफरिया कोपागंज मऊ ने नौहा मातम किया।

## सोनभद्र समाचार

### ससुराल में युवक का फंदे पर लटकता मिला शव, पत्नी की चारपाई पर पड़ी थी लाश



**सोनभद्र।** रायपुर थाना क्षेत्र के रायपुर गांव में मंगलवार रात ससुराल आए विकास (30) का शव फंदे पर लटकता मिला। उसकी पत्नी आरती (27) की भी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बुधवार सुबह घटना की जानकारी होने पर गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पन्नूगंज थाना क्षेत्र के गुरौटी गांव निवासी 30 वर्षीय विकास अपनी 27 वर्षीय पत्नी आरती और चार वर्षीय पुत्र के साथ मंगलवार को बाइक से रायपुर स्थित अपनी ससुराल आया था। बुधवार सुबह जब आसपास की महिलाओं ने घर का दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। संदेह होने पर ग्रामीणों ने शोर मचाया, जिससे मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में घर के अंदर देखा गया तो विकास फंदे से लटका हुआ मिला, जबकि उसकी पत्नी आरती चारपाई पर मृत अवस्था में पड़ी थी। पत्नी के मुंह और नाक से झाग निकलने की बात भी सामने आई है। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। रायपुर थाना प्रभारी निरीक्षक अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि युवक फंदे से लटका मिला, जबकि उसकी पत्नी का शव चारपाई पर मिला। दोनों की मौत हो चुकी है। मामले की सूचना उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। मृतक दंपती के परिजनों को भी जानकारी दी गई। उनके आने के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि आरती के माता-पिता अपने अन्य बच्चों के साथ बाहर रहते हैं। घटना के समय दंपती का चार वर्षीय पुत्र भी घर में मौजूद था, लेकिन उसकी उम्र कम होने के कारण वह घटना के संबंध में कुछ बताने की स्थिति में नहीं है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही दोनों की मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## भदोही समाचार

### रेलवे ट्रैक पर मिला स्वास्थ्यकर्मी का शव

**चौरी।** थाना क्षेत्र के कंधिया गांव के पास मंगलवार को दोपहर में रेलवे ट्रैक पर निजी अस्पताल में कार्यरत स्वास्थ्यकर्मी का शव मिला। उसकी शिनाख्त जंग बहादुर पटेल (22) निवासी अमवां के रूप में हुई। घर से अस्पताल जाने के लिए निकला, लेकिन परिवार वालों को मौत की सूचना मिली। घटनास्थल से कुछ दूर पर उसकी बाइक मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर जांच शुरू कर दिया। अमवां निवासी ओम प्रकाश पटेल के दो बेटे और एक बेटी में जंग बहादुर दूसरे नंबर का था। वह भदोही के एक निजी अस्पताल में काम करता था। पिता के अनुसार बुधवार को वह प्रतिदिन की तरह बाइक से निकला। कुछ देर बाद मौत की खबर आई। रेलवे ट्रैक पर युवक के शव होने की सूचना पर चौकी इंचार्ज नथुनी सिंह मौके पर पहुंचे।

## मऊ समाचार

### सात महीने में तीन जीवित और दो नवजात मृत मिले, इनके पीछे कहीं अवैध अस्पतालों का हाथ तो नहीं?

**मऊ।** लिंग अनुपात बराबर बना रहे, इसको लेकर कागजों पर ही कड़ाई है। स्टिंग ऑपरेशन के बाद पांच अस्पतालों में खुलेआम गर्भपात के मामले उजागर होने के बाद भी जिम्मेदार लीपापोती में जुटे हैं। जिले में सात महीने में तीन जीवित और दो मृत नवजात के शव मिले हैं। ये सभी नवजात लावारिश थे। प्रसव के बाद चोरी-छिपे इन बच्चों को खुले में फेंक दिया गया था।

सात महीने पहले मुहम्मदाबाद गोहना थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के पास एक नवजात शिशु मिला था। ट्रैक पर फेंके जाने से इस नवजात के सिर में गंभीर चोट लगी थी, जिसका उपचार जिला महिला अस्पताल में किया गया था। यह बच्चा प्रसव के कुछ घंटों बाद फेंका गया था। इसी तरह 25 मार्च 2026 को कोपागंज थाना क्षेत्र के हिलसा कोड़रा गांव के प्राथमिक विद्यालय के पास मंगलवार की सुबह गड्ढे में नवजात बालक का शव दबा मिला। प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गड्ढा खोदकर शव निकाला और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया था।

प्राथमिक विद्यालय के पास सुनसान स्थान पर किसी ने गड्ढा खोदकर शव दफना दिया था और कपड़ा वहीं छोड़ दिया। शव पूरी तरह न दबने और कपड़े के कारण आसपास कुत्तों की संख्या अधिक हो गई थी। यह देख वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने प्रधान पति को सूचना दी थीं। वहीं, 18 सितंबर 2020 को कोपागंज थाना क्षेत्र में मौजूद निजी अस्पताल में शुक्रवार की सुबह डिलीवरी के दौरान नवजात की मौत होने पर परिवार के सदस्यों ने जमकर हंगामा किया था। साथ ही अस्पताल संचालक पर नवजात के शव को नदी में फेंकने और बिना सूचना के ही प्रसूता का ऑपरेशन करने का आरोप लगाया था। प्रोबेशन विभाग के अंतर्गत आने वाले चाइल्ड लाइन के प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि दिसंबर 2025 से अब तक तीन जीवित नवजात मिले हैं। उन्होंने बताया कि इसमें एक नवजात मुहम्मदाबाद गोहना में रेलवे ट्रैक पर, दूसरा रानीपुर में खेत में तथा तीसरा रामपुर थाना क्षेत्र में 2 अप्रैल को खेत में मिला था।

उन्होंने कहा कि यह आंकड़ा केवल जीवित नवजातों का है, जबकि असुरक्षित प्रसव के कारण नवजातों की मृत्यु का आंकड़ा इससे कहीं अधिक हो सकता है। कई मामले सामने ही नहीं आ पाते, खासकर जब शवों को दफना दिया जाता है। स्टिंग ऑपरेशन के दौरान एक संचालक ने यह भी बताया था कि प्रसव के बाद यदि नवजात की मृत्यु हो जाती है, तो उसके शव को बेहद गोपनीय तरीके से दफना दिया जाता है।

## गाजीपुर समाचार

### 27 जून तक जिले में लू का येलो अलर्ट

**गाजीपुर।** जिले में गर्मी का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है। मौसम विभाग ने जनपद में 27 जून तक उष्ण लहर (लू) चलने की आशंका जताई है। इसके मद्देनजर प्रशासन ने येलो अलर्ट जारी किया है। आपदा प्रबंधन विभाग ने लोगों से भीषण गर्मी में विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

आपदा विशेषज्ञ अशोक राय ने बताया कि 27 जून तक जिले में 40 डिग्री से अधिक तापमान बने रहने की आशंका है, जबकि बुधवार को अधिकतम तापमान 39 व न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहा। उन्होंने बताया कि येलो अलर्ट के दौरान सामान्य जनजीवन के लिए गर्मी सहनीय होगी, लेकिन छोटे बच्चों, वृद्धों और पहले से किसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे लोगों के लिए स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

## देवरिया समाचार

### मुहर्रम पर शहर में रहेगा रूट डायवर्जन

**देवरिया।** मुहर्रम पर शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू और जाम की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन ने भारी व्यावसायिक वाहनों के लिए मार्ग परिवर्तन लागू किया है।

26 जून को यह परिवर्तन शहर और आसपास की सड़कों पर लागू रहेगा। गोरखपुर की तरफ से आने वाले बड़े वाहनों को सुबह सात बजे से इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप, पुरवां तिराहा के पास से सोमनाथ मंदिर मार्ग की तरफ मोड़ दिया जाएगा।

कसया की तरफ से आने वाले वाहनों को सुबह सात बजे से बालाजी मंदिर तिराहा से सोमनाथ मंदिर मार्ग की ओर मोड़ दिया जाएगा।

कसया पशु अस्पताल से सुबह 8:30 बजे से तुहर्रम जुलूस की समाप्ति तक सभी प्रकार के वाहनों को कसया रेलवे क्रॉसिंग की तरफ भेजा जाएगा।

## मीरजापुर समाचार

### संयुक्त मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर के विरूद्ध आई0जी0आर0एस0 व राजस्व वादो के निस्तारण में लापरवाही पर मण्डलायुक्त ने की कड़ी कार्यवाही

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश ने आई0जी0 आर0एस0/जन सुनवाई सहित राजस्व वादो के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियो पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया है कि प्रत्येक अधिकारी/मजिस्ट्रेट अपने कार्यालय में प्रातः 10 से 12 बजे तक बैठकर जन सुनवाई करे तथा उसका ससमय संतुष्टिपूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करें।

पंजीकृत वसीयत से सम्बन्धित वरासत के प्रकरण को 30 माह बाद भी निस्तारित न होने तथा प्रातः 10 से 12 बजे बीच उप जिलाधिकारी सदर के द्वारा यह कहने कि उन्हें 10 से 12 बजे के बीच कार्यालय में बैठ कर जन सुनवाई करने का किसी निर्देश की जानकारी नही है पर मण्डलायुक्त ने संयुक्त मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर को कठोर चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में ऐसी लापरवाही व उदासीनता पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। मण्डलायुक्त ने बताया कि पूजा देवी के शिकायत पर कि पंजीकृत वसीयत से सम्बनिधत वरासत का प्रकरण नायब तहसीलदार मीरजापुर के यहां काफी दिनो से अनिस्तारित/ लम्बित है। इस सम्बंध में सम्बन्धित नायाब तहसीलदार को व्हाट्सएप के माध्यम से शिकायती पत्र भेजकर उनसे दूरभाष पर फीडबैक की जानकारी ली गई तो उक्त नायब तहसीलदार के द्वारा बार-बार फोन काट दिया जाता रहा, जिससे यह स्पष्ट होता है वह तत्समय तक कार्यालय पहुंचे ही नहीं है। इस सम्बंध में मण्डलायुक्त द्वारा संयुक्त मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर श्री महेन्द्र सिंह से दूरभाष पर कहा गया कि उक्त नायब तहसीलदार को तत्काल अपने कार्यालय कक्ष में बुलाकर फोन से वार्ता कराएं, जिस पर उप जिलाधिकारी सदर द्वारा कहा गया कि उन्होंने सम्बन्धित नायब तहसीलदार को क्षेत्र में भेज रखा है। मण्डलायुक्त द्वारा उन्हें याद दिलाया गया कि मा0 मुख्यमंत्री जी के स्पष्ट निर्देश है कि प्रातः 10 से 12 बजे तक प्रत्येक अधिकारी अपने कार्यालय में बैठ कर जन सुनवाई का निस्तारण करेगा। यह भी पूछा गया कि उक्त निर्देशो के उलुंघन में सम्बन्धित नायब तहसीलदार को 10 से 12 बजे की बीच क्षेत्र में क्यो भेजा गया तो उप जिलाधिकारी सदर द्वारा यह कहा गया कि उन्हें ऐसे किसी भी निर्देश की कोई जानकारी नही है।

मण्डलायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि उ0प्र0 राजस्व संहित 2005 के सुसंगत प्राविधानो के अन्तर्गत जिस वरासत को तय करने की समय सीमा अधिकतम तीन माह है वह पिछले लगभग तीस माह से अनिस्तारित/लम्बित है।

## चंदौली समाचार

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार शिक्षक की मौत, दूसरा घायल

**चंदौली।** भभुआ थाना क्षेत्र के दतियाव मोड़ के समीप बुधवार की सुबह एक ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार प्रधानाध्यापक लाल बाबू गोंड की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पर पीछे बैठे वीरेंद्र कुमार घायल हो गए। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया सुबह 6 बजे प्रधानाध्यापक लाल बाबू प्रसाद गोंड़ बाइक से चैनपुर प्रखंड के बजडीहा स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय जा रहे थे। उनके साथ रोहतास निवासी शिक्षक वीरेंद्र कुमार भी बाइक पर सवार थे। भभुआ-चैनपुर मार्ग स्थित एनएच-219 पर दतियांव मोड़ के पास आगे जा रहे ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान उनकी बाइक ट्रक की चपेट में आ गई।

## सुल्तानपुर समाचार

### सुल्तानपुर में अयोध्या की लापता बुजुर्ग महिला का शव मिला

**सुल्तानपुर।** अयोध्या में सीमा क्षेत्र के ममरखा गांव के पास गुरुवार सुबह एक वृद्ध महिला का शव झाड़ियों के बीच गड्ढे से बरामद होने से सनसनी फैल गई। शव से तेज दुर्गंध आने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।

जानकारी मिलते ही कूरेभार थाना पुलिस और अयोध्या जनपद की हैदरगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटना दोनों जिलों की सीमा से सटे क्षेत्र में होने के कारण कुछ समय तक क्षेत्राधिकार को लेकर स्थिति स्पष्ट की गई। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतका की पहचान अयोध्या जनपद के हैदरगंज थाना क्षेत्र स्थित घोपा डुईया गांव निवासी बतुरुल निशा (80) के रूप में हुई। परिजन अख्तर अली के अनुसार, वह करीब एक सप्ताह पहले घर से लापता हो गई थीं। काफी तलाश के बावजूद उनका कोई पता नहीं चल सका था। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क किनारे झाड़ियों से पिछले कई दिनों से दुर्गंध आ रही थी। गुरुवार को बदबू अधिक होने पर लोगों ने पास जाकर देखा तो गड्ढे में शव पड़ा मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस का कहना है कि मौत के कारणों का स्पष्ट पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच की जा रही है।

### आठवीं मुहर्रम को निकाला गया दुलदुल और अलम का जुलूस

**सुल्तानपुर ( बल्दीराय )।** सोनबरसा गांव में आठवें मुहर्रम की रात इमाम हुसैन (अ.स.) की याद में एक ऐतिहासिक जुलूस निकाला गया। अंजुमन लश्करे अब्बासिया सोनबरसा द्वारा आयोजित यह जुलूस रात 10:30 बजे शुरू हुआ। इसमें आसपास के दर्जनों अंजुमनों ने गमगीन माहौल में शिरकत कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।इस जुलूस में अंजुमन लश्करे अब्बासिया सोनबरसा के साथ-साथ अंजुमन आलामऊ, अंजुमन सेमरा, अंजुमन चकतेंदुआ, अंजुमन लश्करे अब्बास इसौली, अंजुमन यादगारे हुसैनी वल्लीपुर, अंजुमन नीनावां, अंजुमन दौनौ, अंजुमन पटैला, अंजुमन आलियाबाद, अंजुमन नन्दौली और अंजुमन हुसैनी सत्तर सहित दर्जनों अन्य अंजुमनों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। जुलूस के दौरान पूरे गांव में नौहाख्वानी, सीनाजनी और मातम की गूंज सुनाई देती रही। यह आयोजन इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों के प्रति अकीदत का प्रतीक था।इस अवसर पर सीबू, कफील, सबलू, नूरू, मोशीर, अब्बास, सलमान, कैफ, एहसान, निजाम, पिंजान, कमरुद्दीन, हाजी इरफान, उस्मान उर्फ बुद्धू, रिजवान प्रधान, अंजुम, एकराम, सोहाब (बादशाह) और सन्नू समेत सैकड़ों आज़ादारे हुसैनी उपस्थित रहे। जुलूस पूरे गांव में शांतिपूर्ण और धार्मिक भावना के साथ निकाला गया।

## लाइफ मंत्र

### 27 जून को शनि त्रयोदशी का महासंयोग, इन 5 राशियों पर बरसेगी शनिदेव की कृपा, बस कर लें ये 5 अचूक उपाय

शनि त्रयोदशी पर मेष, सिंह, धनु, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए शनि दोष दूर करने का सुनहरा मौका। जानें, शनि देव को प्रसन्न करने के 5 अचूक उपाय।

हिंदू धर्म में शनि देव को न्याय का देवता माना जाता है और उनकी कृपा पाने के लिए शनि त्रयोदशी का दिन अत्यंत फलदायी माना गया है। 27 जून 2026 को ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि शनिवार के दिन पड़ रही है, जिससे शनि त्रयोदशी का विशेष संयोग बन रहा है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, यह दिन उन जातकों के लिए वरदान के समान है, जो शनि की साढ़ेसाती या ढैय्या के प्रभाव से जूझ रहे हैं।


**इन 5 राशियों के लिए खास है यह दिन**

वर्तमान ग्रह गणना के अनुसार, यह समय 5 विशेष राशियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है-

**साढ़ेसाती का प्रभावः** वर्तमान में कुंभ, मीन और मेष राशि के जातकों पर शनि की साढ़ेसाती चल रही है।

**ढैय्या का प्रभावः** धनु और सिंह राशि वाले जातक शनि की ढैय्या के प्रभाव में हैं। इन राशियों के जातकों को शनि के प्रकोप से बचने और जीवन में सुख-समृद्धि लाने के लिए इस दिन विशेष पूजा-अर्चना करनी चाहिए।

**शनि दोष से मुक्ति के महाउपाय**




शनिदेव के कुप्रभाव से व्यक्ति को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है लेकिन जिन पर शनिदेव की कृपा बनती है उन्हें हर क्षेत्र में सफलता मिलती है। व्यक्ति की कुंडली में साढ़ेसाती और ढय्या होने पर ये उसकी सफलता में बाधक बनती है। इनसे मुक्ति हेतु शनि त्रयोदशी पर कुछ सरल उपाय करने से शनिदेव प्रसन्न होते हैं और बाधाओं से मुक्ति दिलाते हैं। जिससे व्यक्ति को हर कार्य में सफलता मिलनी शुरु हो जाती है। यदि आप शनि दोषों से परेशान हैं, तो

**27 जून को य महाउपाय आपकी किस्मत बदल सकते हैं:**

काले तिल, आटा और शक्कर लेकर इन तीनों चीजों को मिला लें। उसके बाद ये मिश्रण चींटियों को खाने के लिए डाल दें। शनि से संबंधित बाधाओं से मुक्ति पाने के लिए काले घोड़े की नाल या नाव की कील से अंगूठी बनाकर अपनी मध्यमा उंगली में शनि त्रयोदशी के दिन सूर्यास्त के समय धारण करें। शनिदोष से मुक्ति हेतु शनिदेव के इन 10 नामों का 108 बार जाप करें। कोणस्थ, पिंगल, बभ्रु, कृष्ण, रौद्रान्तक, यम, सौरि, शनैश्चर, मंद, पिप्पलाश्रय। सामर्थ्य के अनुसार काले तिल, काला कपड़ा, कंबल, लोहे के बर्तन, उदड़ की दाल का दान करें। इससे शनिदेव प्रसन्न होकर शुभ फल प्रदान करते हैं। शनि त्रयोदशी पर 108 बार हनुमान चालीसा का पाठ करें। हनुमान जी का पूजन करने से व्यक्ति को शनि दोषों का सामना नहीं करना पड़ता। बंदरों को गुड़ व चना खिलाने से हनुमान जी प्रसन्न होते हैं। शनिदेव की पूजा कर उन्हें नीले पुष्प अर्पित करें। इसके साथ ही शनि मंत्र ऊँ शं शनैश्चराय नमः का रुद्राक्ष की माला में जप करें। मंत्र की जप संख्या 108 होनी चाहिए। साढ़ेसाती और ढय्या से मुक्ति मिलती है। सुबह शीघ्र उठकर स्नादि कार्यों से निवृत होकर एक कटोरी में तेल लेकर उसमें अपना चेहरा देखें। उसके बाद उस तेल को किसी जरुरतमंद व्यक्ति को दान कर दें। इससे शनिदेव प्रसन्न होते हैं और भाग्य संबंधी बाधाएं भी दूर होती हैं। सुबह स्नान करने के बाद पीपल को जल अर्पित करें। इसके साथ ही सात परिक्रमा करें। सूर्यास्त के बाद सुनसान स्थान पर लगे पीपल के पास दीपक प्रज्वलित करें। यदि ऐसा न हो तो किसी मंदिर में लगे पीपल के पास भी दीपक प्रज्वलित किया जा सकता है। तांबे के लोटे में जल लेकर उसमें काले तिल डालें। उसके बाद ये जल शिवलिंग पर अर्पित करें। ऐसा करने से सभी रोगों से मुक्ति मिलेगी और भोलेनाथ की कृपा से आर्थिक तंगी दूर होगी।

# Nehru Cabinet से इस्तीफा, Article 370 का विरोध, Dr. Mukherjee की अनकही कहानी



23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का निधन हुआ था। देश की आजादी के बाद पहली नेहरू सरकार में केंद्रीय मंत्री थे। मुखर्जी ने जम्मू कश्मीर से जुड़ी नीतियों का संसद के भीतर व बाहर विरोध किया था। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 23 जून को रहस्यमयी तरीके से मृत्यु हो गई थी। श्याम प्रसाद मुखर्जी जनसंघ के संस्थापक थे। वह देश की आजादी के बाद पहली नेहरू सरकार में केंद्रीय मंत्री थे। बाद में आर्टिकल 370 के तहत जम्मू-कश्मीर को स्वायत्ता देने को लेकर मुखर्जी और नेहरू में मतभेद हो गए और वह सरकार से अलग हो गए। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

**जन्म और परिवार**

पश्चिम बंगाल के कोलकात में 12 जून 1901 को श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम आशुतोष मुखर्जी थे, जोकि राज्य में शिक्षाविद् थे। महज 33 साल की उम्र में मुखर्जी कोलकाता यूनिवर्सिटी के कुलपति बन गए थे। जहां से वह कोलकाता विधानसभा पहुंचे और यहीं से उनका राजनीतिक सफर शुरू हुआ था।

**अखंड भारत का सपना**

बता दें कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी आर्टिकल 370 का विरोध करते रहे। वह चाहते थे कश्मीर भी अन्य राज्यों की तरह देश के अखंड हिस्से में देखा जाए। वहां भी एक समान कानून रहे। यही वजह है कि जब नेहरू ने उनको अंतरिम सरकार में मंत्री का पद दिया, तो मुखर्जी ने कुछ समय बाद ही इस्तीफा दे दिया। कश्मीर मामले को लेकर श्यामा प्रसाद ने नेहरू पर तुष्टिकरण का आरोप लगाया। उन्होंने कहा था कि एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे।

**कश्मीर जाने पर गिरफ्तारी**

इस्तीफा देने के बाद श्यामा प्रसाद मुखर्जी कश्मीर के लिए निकल पड़े। वह चाहते थे कि देश के इस हिस्से में जाने के लिए किसी की इजाजत लेने की जरूरत न हो। नेहरू की नीतियों के विरोध के कारण वह कश्मीर पहुंचकर अपनी बात कहना चाहते थे। लेकिन 11 मई 1953 को उनको श्रीनगर में गिरफ्तार कर लिया गया। तब वहां पर शेख अब्दुल्ला की सरकार थी। दो सहयोगियों समेत गिरफ्तार श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पहले श्रीनगर की सेंट्रल जेल में रखा गया और फिर शहर के बाद एक कॉटेज में ट्रांसफर कर दिया गया।

**बिगड़ती गई सेहत**

एक महीने से अधिक कैद में रखे गए श्यामा प्रसाद मुखर्जी की सेहत लगातार बिगड़ती चली जा रही थी। उनको बुखार और पीठ में दर्द की लगातार शिकायत थी। वहीं 19-20 जून की रात उनमें प्लूराइटिस पाया गया। जोकि उनका साल 1937 और 1944 में भी हो चुका था। जिसके बाद उनको स्ट्रेप्टोमाइसिन का इंजेक्शन दिया था। लेकिन श्यामा प्रसाद मुखर्जी के डॉक्टर का कहना था कि यह दवा उनके शरीर को सूट नहीं करती थी, जिसके बाद भी उनको यह इंजेक्शन दिया गया।

**मृत्यु**

वहीं 22 जून को उनको सांस लेने में तकलीफ महसूस हुई। हॉस्पिटल में शिफ्ट करने पर हार्ट अटैक होना पाया गया। वहीं 23 जून 1953 को दिल का दौरा पड़ने से श्यामा प्रसाद मुखर्जी का निधन हो गया था।



# बदले हुए समय में भगवान ( व्यंग्य )

**इंसान ने भगवान को बहुत पहले से ही नकदी, सोना, चांदी और ज़मीन देकर अपने जैसा कर लिया था। अब उन्हें अपनी महाबदमाशियों में शामिल करना शुरू कर दिया है। भगवान को अपने व्यवसाय में स्लीपिंग पार्टनर बना लिया है।**

इंसान ने समय बदल दिया है। उसकी नैसर्गिक बुद्धि ने, अपनी ही खुराफातों और गुस्ताखियों से बचने के लिए नकली बुद्धि का निर्माण किया। इधर नकली बुद्धि ने उसकी ही नाक में दम कर दिया है और उधर धार्मिक होते जा रहे इंसान से भगवान परेशान हो गए हैं।

इंसान ने भगवान को बहुत पहले से ही नकदी, सोना, चांदी और ज़मीन देकर अपने जैसा कर लिया था। अब उन्हें अपनी महाबदमाशियों में शामिल करना शुरू कर दिया है। भगवान को अपने व्यवसाय में स्लीपिंग पार्टनर बना लिया है। उन्हें खुश रखने के लिए धार्मिक कार्य और आयोजन किए जाते हैं जिनमें उनका सार्वजनिक आशीर्वाद प्राप्त कर लिया जाता है।

वास्तव में बाज़ार में खड़े इंसान ने भगवान् को अपना हेराफेरी पार्टनर बना दिया है। जब समझदार इंसान धंधा कर रहा होता है, लालच उसे लुभाने लगता है और वह दूसरों द्वारा भगवान् के नाम पर संचित की गई संपत्ति में से भी हिस्सा ऐंठने लगता है। बहुत पुरानी प्रेरक और सफल कहावत है, 'भगवान् नाम जपना, पराया माल अपना'। इस मामले में खुद को सुरक्षित रख, हेराफेरी करने वाले ज्यादा समझदार लोग भगवान् से आग्रह करने लगे हैं कि वे अपनी संपत्ति, नकदी और जेवर का ध्यान स्वयं रखें। भगवान तो हर जगह उपस्थित हैं, सर्वशक्तिमान हैं। जिन्हें संसार का मालिक माना जाता है, जिनकी मर्जी के बिना एक पत्ता ज़रा सा भी नहीं हिल सकता तो फिर किसी डाकू या चोर इंसान की क्या औकात और हिम्मत कि उनकी दौलत में सेंध लगा ले और सफलता से चुरा भी ले। ऐसा होता है तो फिर ऐसे में आम लोगों की संपत्ति की रक्षा कैसे हो सकती है। वह बात अलग है कि उनका निवास बनवाने के लिए उनके प्रिय अनुयायी इंसान, न्यायालय में कई दशक तक कानूनी जंग लड़ते हैं, तब कहीं जाकर उनके निवास का निर्माण हो सकता है। दुनिया के अत्यंत शक्तिशाली और प्रभावशाली की स्थिति कितनी असहाय है।

भगवान के सक्रिय न होने पर कुछ इंसान कहते हैं कि भगवान् बाहर नहीं है वह तो इंसान के मन के भीतर हैं यानी इंसान द्वारा बनाई महंगी, विशाल और सुन्दर ईमारतों में भगवान् नहीं है। इंसान ने जो उनके नाम पे किया वास्तव में अपने लिए किया। ऐसी हरकतें देखकर तो उनका अपने भक्तों पर से विश्वास भी डगमगा कर उठ गया होगा।

सवाल यह है कि क्या इंसान नाम का प्राणी उनके विश्वास लायक है। वह तो हर क्षण अपनी स्वार्थपरता, लालची और धोखा प्रवृति के प्रमाण देता रहता है। यह सब भी तो मानवीय प्रवृतियां हैं और हर युग के चरित्रों में विद्यमान रही है चाहे त्रेता हो या द्वापर। अब महाघोर कलयुग चल रहा है, जिसका आधार कार्ड बताता है कि पहले शातिर इंसान, भगवान् के नाम का धार्मिक चोगा धारण कर सामान्य दूसरों को रिझाएगा, फुसलाएगा, ठगेगा और फिर भगवान् के सहारे इक्कट्ठा किए धन दौलत को अपना माल बना लेगा। उधर ऊंचे, खूबसूरत मंच पर राजनीति अर्धनग्न नृत्य करती रहेगी। वह नाच किस किस को कैसे नचा रहा होगा यह लिखने की नहीं समझने की बात है। असली भगवान किसी भी तरह के कुकृत्यों को कदापि पसंद नहीं करेंगे। इसलिए मूर्ख इंसान को सांसारिक मामलों में समझाना भी बंद कर देंगे। अपना समय मधुर संगीत और मनपसंद पेय और स्वास्थ्य रक्षक भोजन करने में व्यतीत करेंगे।

# 150 साल जीने का था सपना, 12 Doctors की फौज भी नहीं बचा सकी 'King of Pop' की जान



150 साल जीने की चाहत रखने वाले माइकल जैक्सन का 25 जून को निधन हो गया था। उन्होंने न सिर्फ अपने गानों से तहलका मचाया, बल्कि अपने डांस मूव्स से पूरी दुनिया को थिरकने पर मजबूर कर दिया।

किंग ऑफ पॉप के नाम से फेमस माइकल जैक्सन का 25 जून को निधन हो गया था। माइकल जैक्सन ने न सिर्फ अपने गानों से तहलका मचाया, बल्कि अपने डांस मूव्स से पूरी दुनिया को थिरकने पर मजबूर कर दिया।

आज भी हर कोई माइकल जैक्सन के मून वॉक स्टेप्स को फॉलो करता है। वहीं माइकल जैक्सन 150 साल जीना चाहते थे। लेकिन वह अपनी जिंदगी के 51 बसंत भी नहीं देख सके। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर माइकल जैक्सन के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

**जन्म और परिवार**

अमेरिका के इंडियाना प्रांत में 29 अगस्त 1958 को माइकल जैक्सन का जन्म हुआ था। उनको बचपन से ही संगीत से लगाव था। इसी वजह से माइकल जैक्सन ने अपने करियर की शुरूआत भाई के पॉप ग्रुप से कर दी थी। उन्होंने बेहद कम उम्र से ही टैम्बोरिन और बौंगा बजाने लगे थे। फिर वह अपने भाई के म्यूजिकल ग्रुप से जुड़ गए और शोहरत की बुलंदी हासिल करने के लिए वह धीरे-धीरे अपने कदम बढ़ाने लगे।

**निजी जिंदगी में रहा संघर्ष**

माइकल जैक्सन को म्यूजिक इंडस्ट्री में पहचान बनाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा था। साल 1971 में माइकल जैक्सन ने बतौर सिंगर अपने करियर की शुरूआत की थी। जिसके बाद वह कामयाबी के सफर पर चल निकले। हालांकि उनकी निजी जिंदगी काफी उतार-चढ़ाव भरी रही थी। साल 1994 में उन्होंने लिसा मेरी प्रिसले से शादी की थी। लेकिन यह रिश्ता अधिक दिनों तक नहीं चल सका। फिर उन्होंने अपनी नर्स डेबी रोव से शादी की थी। लेकिन यह शादी भी लंबी नहीं चली और उनकी शादी दो साल बाद टूट गई।

**अधूरी रह गई यह ख्वाहिश**

माइकल जैक्सन 150 साल जीना चाहते थे। यही कारण रहा कि 12 डॉक्टरों की टीम हर समय उनके घर में रहती थी। वह हमेशा ऑक्सीजन बेड पर सोते थे। वहीं लोगों से हाथ मिलाने से पहले माइकल दस्ताने पहन लेते थे। लेकिन इतनी कवायद और डॉक्टरों की टीम रखने के बाद भी 25 जून 2009 को माइकल जैक्सन ने इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS
MENS
TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
काशी रत्न
काशी भूषण
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Neelam stone
Pokhraj stone
Panna stone
Manik stone
Moonga stone
Opal stone
Lahsuniya stone
Firoza stone
Gomed Stone
Diamond stone
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
1 Mukhi Rudraksh
7 Mukhi Rudraksh
Trijugi Rudraksh
9 Mukhi Rudraksh
12 Mukhi Rudraksh
14 Mukhi Rudraksh
21 Mukhi Rudraksh
Ganesh Rudraksh
Gauri Shankar Rudraksh
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682